97.यश्वी ने उसकी दादी को चीनी मिट्टी के बर्तन में अचार रखते हुए देखा। वह यह भी जानती थी कि अचार और खट्टे पदार्थों को धातु के डिब्बों में नहीं रखना चाहिए। उसकी सहेली अक्सर एल्युमिनियम फॉयल में लिपटा हुआ अचार लाती थी। उसने उसे अचार को फॉइल में न लपेटने की सलाह दी।

(a) अचार को धातु के डिब्बों में क्यों नहीं रखना चाहिए ?

(b) अचार में मौजूद कौन सा पदार्थ धातु के बर्तनों के साथ प्रक्रिया करता है ?

(c) उपरोक्त घटना में यश्वी के कौन से मूल्य दिखाई देते हैं?

अध्याय 2- अम्ल, क्षारक एवं लवण

इस अध्याय में समाविष्ट अध्ययन निष्पत्तियां:

SCI1001: सामग्री, पदार्थों, जीवों, घटनाओं और प्रक्रियाओं को उनके गुणों और विशेषताओं के आधार पर अलग करता है।

SCI1002: वस्तुओं, पदार्थों, जीवों, घटनाओं और प्रक्रियाओं को उनके गुणों और विशेषताओं के आधार पर वर्गीकृत करता है।

SCI1003: तथ्यों, सिद्धांतों और घटनाओं को समझने तथा उनकी जांच करने या अपने प्रश्नों के उत्तर खोजने के लिए अनुसंधान या प्रयोगों की योजना और आयोजन करता है।

SCI1004: प्रक्रियाओं और घटनाओं को कारणों के साथ जोड़ता है।

SCI1005: प्रक्रियाओं और घटनाओं की व्याख्या करता है।

SCI1006: डेटा, ग्राफ़ और आरेखों का विश्लेषण और व्याख्या करता है।

SCI1007: दी गई जानकारी का उपयोग करके गणना करता है, जैसे कि रासायनिक समीकरण को संतुलित करने के लिए अभिकारकों और उत्पादों में अणुओं की संख्या, प्रतिरोधों की एक प्रणाली का प्रतिरोध, लेंस की शक्ति, विद्युत शक्ति, आदि।

SCI1008: विभिन्न वैज्ञानिक तथ्यों का उपयोग मात्राओं की इकाइयों, प्रतीकों, सूत्रों और समीकरणों को दर्शाने के लिए किया जाता है।
SCI1011: दैनिक जीवन की समस्याओं को हल करने के लिए सीखे गए वैज्ञानिक सिद्धांतों को व्यावहारिक जीवन में लागू करता है।
SCI1013: निष्कर्ष निकालता है।
SCI1015: इको-फ्रेंडली (पर्यावरण अनुकूल) संसाधनों के उपयोग से मॉडल निर्माण में रचनात्मकता दिखाता है।
SCI1017: परिणामों और निष्कर्षों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है।

विभाग - **A (**प्रत्येक का **1** अंक**)**

● नीचे दिए गए कथनों के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

1.निम्नलिखित में से कौन सा प्राकृतिक सूचक है?
(A) हल्दी (B) NaCl (C) HCl (D) NaOH
2.एक विलयन नीले लिटमस को लाल कर देता है। उस विलयन की प्रकृति कैसी होगी?
(A) क्षारकीय (B) अम्लीय (C) उदासीन (D)
लवणरहित
3.एक विलयन लाल लिटमस को नीला कर देता है। उस विलयन की प्रकृति कैसी होगी?
(A) अम्लीय (B) क्षारकीय (C) उदासीन (D) केवल
लवणयुक्त
4. pH = 7 वाला विलयन सामान्यतः कैसा होता है?
(A) प्रबल अम्लीय (B) प्रबल क्षारकीय (C) उदासीन
(D) लवणीय
5.जब pH का मान 7 से 14 की ओर बढ़ता है, तब
OH^- आयन की सांद्रता में क्या परिवर्तन होता है?
(A) घटती है (B) बढ़ती है (C) स्थिर रहती है (D) शून्य
होती है
6.निम्नलिखित में से कौन सा पदार्थ आमाशय में
बनता है?
(A) HCl (B) NaOH (C) NaCl (D) $CaCO_3$
7.जब अम्ल धातु के साथ अभिक्रिया करता है, तो
सामान्यतः कौन सी गैस प्राप्त होती है?
(A) O_2 (B) CO_2 (C) H_2 (D) Cl_2
8.अम्ल और धातु कार्बोनेट की अभिक्रिया में कौन सी
गैस बनती है?
(A) H_2 (B) CO_2 (C) O_2 (D) N_2
9.CO_2 की उपस्थिति की जाँच करने के लिए किस
विलयन का उपयोग किया जाता है?
(A) चूने का पानी (B) NaCl का विलयन (C) HCl

(D) NaOH

10.अम्ल + क्षारक → ?

(A) धातु + गैस (B) लवण + जल (C) केवल जल

(D) केवल गैस

11.$HCl + NaOH \rightarrow NaCl + H_2O$ किस अभिक्रिया का उदाहरण है?

(A) विस्थापन (B) उदासीनीकरण (C) अपघटन (D)
दहन

12.प्लास्टर ऑफ पेरिस का सूत्र कौन सा है?

(A) $CaSO_4 \cdot ½H_2O$ (B) $CaSO_4 \cdot 2H_2O$ (C) $Na_2CO_3 \cdot 10H_2O$ (D) $CaCO_3$

13.बेकिंग सोडा का रासायनिक सूत्र कौन सा है?

(A) Na_2CO_3 (B) $NaHCO_3$ (C) NaOH (D) NaCl

14.धोने के सोडा (वाशिंग सोडा) का सूत्र कौन सा है?

(A) $Na_2CO_3 \cdot 10H_2O$ (B) $NaHCO_3$ (C) $CaSO_4 \cdot ½H_2O$ (D) $CaOCl_2$

15.ब्लीचिंग पाउडर (विरंजक चूर्ण) का सूत्र कौन सा है?

(A) $CaOCl_2$ (B) $CaCl_2$ (C) NaCl (D) $CaCO_3$

16.सोडियम हाइड्रोक्साइड के औद्योगिक निर्माण की प्रक्रिया कौन सी है?

(A) क्लोर-क्षार प्रक्रिया (B) उदासीनीकरण (C) अपघटन (D) क्रिस्टलीकरण

17.सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट को गर्म करने पर कौन सी गैस मुक्त होती है?

(A) H_2 (B) CO_2 (C) O_2 (D) Cl_2

18.निम्नलिखित में से कौन सा पदार्थ दंत क्षय को रोकने में सहायक है?

(A) क्षारकीय टूथपेस्ट (B) शुद्ध HCl (C) CO_2 (D) NaCl का ठोस क्रिस्टल

19.अम्लीय भूमि को उदासीन करने के लिए सामान्यतः क्या मिलाया जाता है?

(A) क्षारक (B) अधिक अम्ल (C) NaCl (D) CO_2

20.निम्नलिखित में से कौन सा गंधीय सूचक है?

(A) वैनिला एसेंस (B) NaCl (C) $CaCO_3$ (D) जल

21.जल में घुलनशील क्षारक को क्या कहा जाता है?

(A) अम्ल (B) क्षार (C) लवण (D) सूचक

● निम्नलिखित कथन 'सत्य' हैं या 'असत्य' बताइए।

22.अम्ल का स्वाद सामान्यतः खट्टा होता है।

23.क्षारक का स्वाद सामान्यतः कड़वा होता है।

24.हल्दी एक प्राकृतिक सूचक है।

25.फेनोल्फथलीन अम्लीय विलयन में गुलाबी रंग देता है।

26.लिटमस प्राकृतिक सूचक है।

27.अम्ल जलीय विलयन में H_3O^+ आयन उत्पन्न करता है।

28.क्षारक जलीय विलयन में OH^- आयन उत्पन्न कर सकता है।

29.शुष्क HCl गैस शुष्क लिटमस का रंग नहीं बदल सकती।

30.अम्ल धातु के साथ अभिक्रिया करके हाइड्रोजन गैस दे सकता है।

31.कॉपर सामान्य परिस्थितियों में तनु HCl से

हाइड्रोजन को विस्थापित करता है।
32.अम्ल धातु कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करके CO_2 बनाता है।
33.CO_2 चूने के पानी को दूधिया बना देता है।
34.अम्ल और क्षारक की अभिक्रिया को उदासीनीकरण कहते हैं।
35.उदासीनीकरण में लवण और जल बनता है।
36.pH = 7 वाला विलयन हमेशा प्रबल अम्लीय होता है।
37.pH का मान जितना कम होता है, विलयन उतना ही अधिक अम्लीय होता है।
38.जब pH 7 से 14 की ओर बढ़ता है, तो OH^- की सांद्रता बढ़ती है।
39. pH 5.5 से कम होने पर दंत क्षय बढ़ने की संभावना रहती है।
40.अम्लीय भूमि को चूने से उदासीन किया जा सकता है।
41.चूने का पानी $Ca(OH)_2$ का विलयन है।
42.ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग पानी के जंतुनाशन में किया जा सकता है।
43.बेकिंग सोडा का रासायनिक सूत्र $NaHCO_3$ है।
44.धोने के सोडा का रासायनिक सूत्र $Na_2CO_3 \cdot 10H_2O$ है।
45.प्लास्टर ऑफ पेरिस का रासायनिक सूत्र $CaSO_4 \cdot ½H_2O$ है।
46.प्लास्टर ऑफ पेरिस में पानी मिलाने से जिप्सम बनता है।
47.सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट को गर्म करने पर Na_2CO_3 , H_2O और CO_2 बनते हैं।
48.क्लोर-क्षार प्रक्रिया में NaOH के साथ Cl_2 और H_2 भी प्राप्त होते हैं।
49.सोडियम हाइड्रोक्साइड एक क्षारक है।
50. NaCl एक लवण है।
51.हाइड्रोजन आयन H^+ के रूप में पानी में अकेले स्वतंत्र रूप से स्थिर रहता है।
52.अम्ल-क्षारक की अभिक्रिया में सामान्यतः जल बनता है।
53.सूचक का रंग परिवर्तन माध्यम की प्रकृति पर निर्भर करता है।
54.अम्लीय विलयन का pH 7 से कम होता है।

● निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

54.लिटमस एक _____ सूचक है।
55.हल्दी एक _____ सूचक है।
56.अम्ल पानी में H^+ आयन के साथ मिलकर _____ आयन उत्पन्न करता है।
57.क्षारक पानी में _____ आयन उत्पन्न करते हैं।
58.pH = 7 वाला विलयन _____ होता है।
59.pH का मान जितना कम होगा, विलयन उतना ही अधिक _____ होगा।
60.अम्ल + धातु → लवण + _____।
61.अम्ल + धातु कार्बोनेट → लवण + जल + _____।
62.CO_2 को पहचानने के लिए _____ के पानी का उपयोग किया जाता है।
63.अम्ल + क्षारक → लवण + _____।
64.HCl + NaOH → _____ + H_2O।
65. NaOH पानी में Na^+ और _____ आयन देता है।
66.बेकिंग सोडा का सूत्र _____ है।

67.धोने के सोडे का सूत्र _____ है।
68.प्लास्टर ऑफ पेरिस का सूत्र _____ है।
69.जिप्सम का सूत्र _____ है।
70.ब्लीचिंग पाउडर का सूत्र _____ है।
71.सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट को गर्म करने पर _____ गैस प्राप्त होती है।
72.सोडियम क्लोराइड का सामान्य नाम _____ है।
73.जल में घुलनशील क्षारक को _____ कहते हैं।
74.दंत क्षय सामान्यतः तब शुरू होता है जब मुँह का pH _____ से कम हो जाता है।
75.अम्लीय भूमि को उदासीन करने के लिए किसान _____ मिलाता है।

● एक वाक्य या एक शब्द में उत्तर दीजिए।

76.अम्ल का एक मुख्य गुणधर्म बताइए।
77.क्षारक का एक मुख्य गुणधर्म बताइए।
78.एक प्राकृतिक सूचक का नाम बताइए।
79.एक कृत्रिम सूचक का नाम बताइए।
80.लिटमस किस स्रोत से प्राप्त होता है?
81.अम्ल के जलीय विलयन में कौन सा आयन उपस्थित होता है?
82.क्षारक के जलीय विलयन में कौन सा आयन उपस्थित होता है?
83.pH स्केल की सामान्य सीमा कितनी होती है?
84.उदासीन विलयन का pH कितना होता है?
85.प्रबल अम्लीय विलयन का pH 7 से कैसा होता है?
86.प्रबल क्षारकीय विलयन का pH 7 से कैसा होता है?
87.अम्ल धातु के साथ अभिक्रिया करके कौन सी गैस देता है?
88.अम्ल कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करके कौन सी गैस देता है?
89.CO_2 की उपस्थिति के लिए कौन सा परीक्षण किया जाता है?
90.उदासीनीकरण अभिक्रिया से क्या तात्पर्य है?
91.जल में घुलनशील क्षारक को क्या कहते हैं?
92.आमाशय में कौन सा अम्ल होता है?
93.बेकिंग सोडा का सूत्र लिखिए।
94.धोने के सोडे का सूत्र लिखिए।
95.ब्लीचिंग पाउडर का सूत्र लिखिए।
96.प्लास्टर ऑफ पेरिस का सूत्र लिखिए।
97.जिप्सम का सूत्र लिखिए।
98.सोडियम हाइड्रोक्साइड का सूत्र लिखिए।
99.कॉस्टिक पोटाश का सूत्र लिखिए।
100.ब्लीचिंग पाउडर का एक उपयोग बताइए।
101.बेकिंग सोडा का एक उपयोग बताइए।
102.धोने के सोडे का एक उपयोग बताइए।
103.प्लास्टर ऑफ पेरिस का एक उपयोग बताइए।

104.दैनिक जीवन में उदासीनीकरण का एक उपयोग बताइए।
105.अम्लीय भूमि को उदासीन करने के लिए किस पदार्थ का उपयोग किया जाता है?
106.दंत क्षय से बचने के लिए टूथपेस्ट की प्रकृति कैसी होनी चाहिए?
107.गंधीय सूचक का एक उदाहरण दीजिए।
108.अम्लीय विलयन की पहचान के लिए कौन सा लिटमस लाल हो जाता है?
109.क्षारकीय विलयन की पहचान के लिए कौन सा लिटमस नीला हो जाता है?
110.सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट के गर्म होने से कौन सी गैस बनती है?
111.सोडियम क्लोराइड का साधारण नाम क्या है?
112.अम्लता की मात्रा या स्तर को दर्शाने के लिए किसका उपयोग किया जाता है?

● जोड़े मिलाइए।

113.

विभाग A	विभाग B
1. हल्दी	(a) प्राकृतिक सूचक
2. फेनोल्फथलीन	(b) गंधीय सूचक
3. वैनिला एसेंस	(c) कृत्रिम सूचक

114.

विभाग A	विभाग B
1.$NaHCO_3$	(a) ब्लीचिंग पाउडर
2.$Na_2CO_3 \cdot 10H_2O$	(b) बेकिंग सोडा
3.$CaSO_4 \cdot ½H_2O$	(c) धोने का सोडा
4.$CaOCl_2$	(d) प्लास्टर ऑफ पेरिस

115.

विभाग A	विभाग B
1. अम्ल + धातु	(a) $CO_2 + H_2O$ + लवण
2. अम्ल + कार्बोनेट	(b) लवण + जल
3. अम्ल + क्षारक	(c) H_2 + लवण

4. $NaHCO_3$ का तापीय अपघटन	(d) $Na_2CO_3 + H_2O + CO_2$

116.

विभाग A	विभाग B
1. बेकिंग सोडा	(a) कपड़े धोने के लिए
2. धोने का सोडा	(b) केक/बेकरी उत्पाद को फुलाने के लिए
3. ब्लीचिंग पाउडर	(c) कीटाणुनाशक/विरंजन के लिए
4. प्लास्टर ऑफ पेरिस	(d) टूटी हुई हड्डियों के प्लास्टर के लिए

विभाग - **B** (प्रत्येक के **2** अंक)

117.अम्ल और क्षारक के बीच दो-दो अंतर लिखिए।
118.उदाहरण सहित प्राकृतिक और कृत्रिम सूचक के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।
119.अम्ल का जलीय विलयन विद्युत का चालन क्यों करता है?
120.शुष्क HCl गैस शुष्क लिटमस पत्र के रंग को क्यों नहीं बदलती है?
121.अम्ल की धातु के साथ होने वाली अभिक्रिया को उदाहरण सहित लिखिए।
122.अम्ल की धातु कार्बोनेट के साथ होने वाली अभिक्रिया को समीकरण सहित लिखिए।
123.चूने के पानी द्वारा CO_2 की उपस्थिति की जाँच कैसे की जा सकती है?
124.उदासीनीकरण अभिक्रिया को उदाहरण सहित समझाइए।
125.pH स्केल क्या है? इसक सामान्य परास लिखिए।
126.pH का मान विलयन की अम्लीय/क्षारकीय प्रकृति के बारे में क्या बताता है?
127.अम्लीय भूमि को उदासीन करने की प्रक्रिया समझाइए।
128.दंत क्षय में pH की भूमिका समझाइए।
129.बेकिंग सोडा के दो उपयोग लिखिए।
130.धोने के सोडे के दो उपयोग लिखिए।
131.ब्लीचिंग पाउडर के दो उपयोग लिखिए।
132.प्लास्टर ऑफ पेरिस के दो उपयोग लिखिए।
133.$NaHCO_3$ को गर्म करने पर होने वाली अभिक्रिया का समीकरण लिखिए।
134.क्लोर-क्षार प्रक्रिया क्या है?
135.सोडियम हाइड्रोक्साइड के जलीय विलयन में कौन से आयन बनते हैं?
136.अम्ल की धातु के साथ अभिक्रिया में हाइड्रोजन गैस की पहचान आप कैसे करेंगे?
137.अम्ल और क्षारक की अभिक्रिया में ऊष्मा परिवर्तन का एक उदाहरण दीजिए।

138.लवण क्या है? दो उदाहरण दीजिए।
139.जिप्सम और प्लास्टर ऑफ पेरिस के बीच संबंध समझाइए।
140.सूचकों की सहायता से किसी अज्ञात विलयन की प्रकृति की पहचान कैसे करेंगे?
141.गंधीय सूचक से क्या तात्पर्य है? दो उदाहरण दीजिए।
142.वैज्ञानिक कारण दीजिए: एक ग्वाला ताजे दूध में बहुत कम मात्रा में बेकिंग सोडा मिलाता है।

विभाग - **C** (प्रत्येक के **3** अंक)

143.अम्ल की धातु कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया को रासायनिक समीकरणों सहित समझाइए।
144.pH स्केल को समझाइए।
145.बेकिंग सोडा के निर्माण की विधि, सूत्र और उपयोग समझाइए।
146.ब्लीचिंग पाउडर के निर्माण की विधि, सूत्र तथा उपयोग समझाइए।
147.सोडियम क्लोराइड से सोडियम हाइड्रोक्साइड, हाइड्रोजन और क्लोरीन प्राप्त करने की क्लोर-क्षार प्रक्रिया को समीकरण सहित समझाइए।
148.उदासीनीकरण अभिक्रिया क्या है? दैनिक जीवन में इसके कम से कम तीन उपयोग उदाहरण सहित समझाइए।
149.दैनिक जीवन में pH के महत्व को दंत क्षय, पाचन तंत्र और मिट्टी (भूमि) के संदर्भ में समझाइए।
150.धोने के सोडे के निर्माण की विधि, सूत्र और उपयोग समझाइए।
151.प्लास्टर ऑफ पेरिस के निर्माण की विधि, सूत्र तथा उपयोग समझाइए।
152.वैज्ञानिक कारण दीजिए: अम्ल को तनुकृत करते समय हमेशा अम्ल को जल में मिलाना चाहिए, न कि जल को अम्ल में।

विभाग - **D** (प्रत्येक के **4** अंक)

153. दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।



(i) इस प्रयोग में उपयोग की गई धातु और अम्ल के नाम लिखिए।
(ii) इस अभिक्रिया के दौरान उत्पन्न होने वाली गैस कौन सी है?
(iii) उत्पन्न हुई गैस की पहचान कैसे की जा सकती है? आवश्यक परीक्षण और प्रेक्षण (अवलोकन) लिखिए।
(iv) इस अभिक्रिया का संतुलित रासायनिक समीकरण लिखिए।
154. सोडियम कार्बोनेट की हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ अभिक्रिया को चित्र बनाकर समझाइए।
155. अल्कोहल और ग्लूकोज जैसे यौगिक हाइड्रोजन युक्त होने के बावजूद अम्ल की तरह व्यवहार नहीं करते हैं। इस बात को सिद्ध करने के लिए किए जाने वाले प्रयोग को चित्र बनाकर समझाइए।

अध्याय - 3 : धातु और अधातु

इस अध्याय में समाविष्ट अध्ययन निष्पत्तियां:
SCI1001: सामग्री, पदार्थों, जीवों, घटनाओं और प्रक्रियाओं को उनके गुणों और विशेषताओं के आधार पर अलग करता है।
SCI1002: वस्तुओं, पदार्थों, जीवों, घटनाओं और प्रक्रियाओं को उनके गुणों और विशेषताओं के आधार पर वर्गीकृत करता है।
SCI1003: तथ्यों, सिद्धांतों और घटनाओं को समझने तथा उनकी जांच करने या अपने प्रश्नों के उत्तर खोजने के लिए अनुसंधान या प्रयोगों की योजना और आयोजन करता है।
SCI1005: प्रक्रियाओं और घटनाओं की व्याख्या करता है।
SCI1006: डेटा, ग्राफ़ और आरेखों का विश्लेषण और व्याख्या करता है।
SCI1008: विभिन्न वैज्ञानिक तथ्यों का उपयोग मात्राओं की इकाइयों, प्रतीकों, सूत्रों और समीकरणों को दर्शाने के लिए किया जाता है।
SCI1011: दैनिक जीवन की समस्याओं को हल करने के लिए सीखे गए वैज्ञानिक सिद्धांतों को व्यावहारिक जीवन में लागू करता है।
SCI1017: परिणामों और निष्कर्षों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है।

विभाग - **A** (प्रत्येक का **1** अंक)

●नीचे दिए गए कथनों के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए।

1.निम्नलिखित में से कौन सी धातु कमरे के तापमान पर द्रव अवस्था में होती है?
(A) लोहा (B) पारा (C) ताँबा (D) एल्युमिनियम
2.धातुओं का कौन सा गुण उन्हें पीटकर पतली चादर बनाने में मदद करता है?
(A) तन्यता (B) आघातवर्धनीयता (C) ध्वनिकता
(D) चालकता
3.धातुओं को तार के रूप में खींचने की क्षमता को क्या कहते हैं?
(A) तन्यता (B) आघातवर्धनीयता (C) ध्वनिकता
(D) चालकता
4.सोडियम को सामान्यतः किस द्रव में रखा जाता है?
(A) पानी (B) कैरोसिन (C) अल्कोहल (D) अम्ल
5.निम्नलिखित में से कौन सी अधातु विद्युत की सुचालक है?
(A) सल्फर (B) फॉस्फोरस (C) ग्रेफाइट
(D)आयोडीन
6.धातुएँ ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया करके सामान्यतः क्या बनाती हैं?
(A) धातु हाइड्रोजन (B) धातु ऑक्साइड (C) अधातु ऑक्साइड (D) लवण
7.एल्युमिनियम ऑक्साइड की प्रकृति कैसी होती है?
(A) केवल अम्लीय (B) केवल क्षारीय (C) उभयधर्मी
(D) उदासीन
8.सोडियम धातु और पानी की अभिक्रिया में मुख्य रूप से कौन सी गैस मुक्त होती है?
(A) O_2 (B) CO_2 (C) H_2 (D) Cl_2
9निम्नलिखित में से कौन सी धातु ठंडे पानी के साथ तीव्र अभिक्रिया करती है?
(A) सोडियम (B) ताँबा (C) चाँदी (D) सोना
10.आयनिक यौगिकों में किस प्रकार के आयन होते हैं?
(A) केवल धनायन (B) केवल ऋणायन
(C) धनायन और ऋणायन दोनों (D) केवल परमाणु
11. NaCl में सोडियम किस आयन में परिवर्तित होता है?
(A) Na^- (B) Na^{2+} (C) Na^+ (D) Na
12.$MgCl_2$ में मैग्नीशियम आयन पर कितना आवेश होता है?
(A) +1 (B) +2 (C) −1 (D) −2
13.सक्रियता श्रेणी में सबसे ऊपर स्थित धातुओं को प्राप्त करने के लिए कौन सी विधि सबसे उपयुक्त है?
(A) कार्बन द्वारा अपचयन (B) विद्युत अपघटन
(C) छानना (D) क्रिस्टलीकरण
14.लोहे पर जिंक की पतली परत चढ़ाने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं?
(A)मिश्रधातु बनाना (B) यशदलेपन (C) निस्तापन

(D) भर्जन

15.ताँबे के परिष्करण में अशुद्ध ताँबे की पट्टी को किस ध्रुव के रूप में जोड़ा जाता है?

(A) कैथोड (B) एनोड (C) न्यूट्रल

(D)विद्युत-अपघट्य

16.थर्मिट अभिक्रिया में एल्युमिनियम पाउडर का उपयोग अपचायक के रूप में क्यों किया जाता है?

(A) यह एक अच्छा अपचायक है

(B) यह एक अधातु है

(C) यह पानी में अविलेय है

(D) यह निष्क्रिय है

17.अयस्क से गैंग को हटाने के बाद प्राप्त पदार्थ को सामान्यतः क्या कहा जाता है?

(A) धातु (B) सांद्रित अयस्क

(C) मिश्रधातु (D) लवण

18.चाँदी की वस्तुएँ लंबे समय तक हवा में रखने पर काली पड़ जाती हैं। इसमें मुख्य रूप से कौन सा यौगिक बनता है?

(A) Ag_2S (B) Ag_2O (C) AgCl (D) $AgNO_3$

19.स्टेनलेस स्टील में लोहे के साथ मुख्य रूप से कौन सी धातुएँ मिलाई जाती हैं?

(A) Na और K (B) Ni और Cr

(C) Cu और Ag (D) Zn और Hg

20.किस प्रकार के ऑक्साइड अम्ल और क्षार दोनों के साथ अभिक्रिया कर सकते हैं?

(A) उदासीन। (B) उभयधर्मी

(C) केवल अम्लीय (D) केवल क्षारीय

21.सोने और प्लैटिनम का उपयोग आभूषण बनाने में किए जाने का मुख्य कारण क्या है?

(A) वे बहुत सक्रिय हैं

(B) वे आसानी से संक्षारित हो जाते हैं

(C)वे बहुत कम अभिक्रियाशील और चमकदार होते हैं

(D) वे पानी में विलेय हैं

●निम्नलिखित कथन 'सत्य' हैं या 'असत्य' बताइए ।

22.धातुएँ सामान्यतः ऊष्मा और विद्युत की सुचालक होती हैं।

23.धातुएँ सामान्यतः भंगुर होती हैं।

24.पारा कमरे के तापमान पर एक द्रव धातु है।

25.सोडियम को कैरोसिन में रखा जाता है क्योंकि यह हवा और पानी के साथ तीव्र अभिक्रिया करता है।

26.ग्रेफाइट एक अधातु होने के बावजूद विद्युत का चालक है।

27.सल्फर एक धातु है।

28.धातुओं को पतली चादरों में बदला जा सकता है।

29.धातुओं को तार के रूप में खींचा जा सकता है।

30.धातुओं के ऑक्साइड सामान्यतः क्षारीय प्रकृति के होते हैं।

31.सभी धातु ऑक्साइड केवल अम्लीय होते हैं।

32.Al_2O_3 एक उभयधर्मी ऑक्साइड है।

33.जब धातु पानी के साथ अभिक्रिया करती है, तो हमेशा CO_2 गैस प्राप्त होती है।

34.सोडियम पानी के साथ अभिक्रिया करके NaOH और H_2 देता है।
35.$Zn + 2HCl \rightarrow ZnCl_2 + H_2$ एक विस्थापन अभिक्रिया का उदाहरण है।
36.आयनिक यौगिकों में धनायन और ऋणायन के बीच मजबूत स्थिरवैद्युत आकर्षण बल होता है।
37. NaCl में Na इलेक्ट्रॉन ग्रहण करके Na^- बनता है।
38.आयनिक यौगिकों के गलनांक सामान्यतः उच्च होते हैं।
39.आयनिक यौगिक पिघली हुई अवस्था में विद्युत का चालन कर सकते हैं।
40.मिश्रधातु दो या दो से अधिक धातुओं, अथवा एक धातु और एक अधातु का समांगी मिश्रण हो सकती है।
41.अयस्क वे खनिज हैं जिनसे धातुओं का निष्कर्षण व्यावसायिक रूप से लाभदायक और आसानी से किया जा सकता है।

●रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

42.धातुओं को पतली चादरों में बदलने के गुण को _____ कहते हैं।
43.धातुओं को तार के रूप में खींचने के गुण को _____ कहते हैं।
44.कमरे के तापमान पर द्रव अवस्था में पाई जाने वाली धातु _____ है।
45.सोडियम को _____ में रखा जाता है।
46.अधातु होने के बावजूद विद्युत का सुचालक अधातु _____ है।
47.धातु और ऑक्सीजन की अभिक्रिया से सामान्यतः _____ बनता है।
48.एल्युमिनियम ऑक्साइड का रासायनिक सूत्र _____ है।
49. NaCl में सोडियम आयन का सूत्र _____ है।
50.क्लोराइड आयन का सूत्र _____ है।
51.मैग्नीशियम क्लोराइड का रासायनिक सूत्र _____ है।
52.सोडियम जब पानी के साथ अभिक्रिया करता है, तो _____ और हाइड्रोजन बनते हैं।
53.$Zn + 2HCl \rightarrow ZnCl_2 +$ _____.
54.आयनिक यौगिकों में धनायन और _____ होते हैं।
55.ताँबे के विद्युत अपघटनी परिष्करण में शुद्ध ताँबा _____ पर जमा होता है।
56.लोहे पर जस्ते की परत चढ़ाने की प्रक्रिया _____ कहलाती है।

●एक वाक्य या एक शब्द में उत्तर दीजिए।

57.धातुओं का वह कौन सा गुण है जिसके कारण वे किसी कठोर सतह से टकराने पर आवाज़ उत्पन्न करती हैं?
58.धातु को पतली चादरों में बदलने वाले गुण को क्या कहते हैं?
59.धातु को खींचकर तार के रूप में बदलने के गुण को क्या कहते हैं?
60.सोडियम को कैरोसिन में क्यों रखा जाता है?
61.एक ऐसी अधातु का नाम बताइए जो विद्युत की सुचालक है।
62.कौन सी धातु कमरे के तापमान पर द्रव है?
63.धातु के ऑक्साइड सामान्यतः किस प्रकृति के होते हैं?
64.उभयधर्मी ऑक्साइड का एक उदाहरण दीजिए।

65.$Zn + 2HCl \rightarrow ZnCl_2 + H_2$ में मुक्त होने वाली गैस कौन सी है?
66.धातु की अम्ल के साथ सामान्य अभिक्रिया का एक उदाहरण दीजिए।
67. NaOH का रासायनिक नाम लिखिए।
68. NaCl में किस प्रकार का आबंध पाया जाता है?
69.$MgCl_2$ में मैग्नीशियम का आवेश कितना है?
70.आयनिक यौगिक पानी में घुलने पर विद्युत का चालन क्यों करते हैं?
71.मिश्रधातु किसे कहते हैं?
72.सोल्डर के मुख्य घटक कौन से हैं?
73.अयस्क किसे कहते हैं?
74.गैंग किसे कहते हैं?
75.अयस्कों के निष्कर्षण में अयस्क को सांद्रित करने की एक विधि का नाम लिखिए।
76.सक्रियता श्रेणी के मध्य में स्थित धातुओं के निष्कर्षण के लिए कौन सी प्रक्रिया उपयोगी है?
77.थर्मिट अभिक्रिया में प्रयुक्त होने वाला अपचायक कौन सा है?
78.विद्युत अपघटनी परिष्करण में एनोड किस धातु का बना होता है?
79.विद्युत अपघटनी परिष्करण में कैथोड किस धातु का बना होता है?
80.ताँबे के परिष्करण के दौरान एनोड के नीचे जमा होने वाली अशुद्धियों को क्या कहते हैं?
81.संक्षारण किसे कहते हैं?
82.लोहे के संक्षारण के लिए पानी और _____ आवश्यक हैं।
83.लोहे पर जिंक की परत चढ़ाने की प्रक्रिया कौन सी है?
84.चाँदी की वस्तुएँ काली पड़ने का एक कारण क्या है?
85.सोना सामान्यतः प्रकृति में मुक्त अवस्था में क्यों पाया जाता है?
86.धातुओं को उनकी क्रियाशीलता के आधार पर घटते क्रम में व्यवस्थित श्रेणी को क्या कहते हैं?
87.सोडियम का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास 2,8,1 है; यह कौन सा आयन बनाएगा?
88.क्लोरीन का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास 2,8,7 है; यह कौन सा आयन बनाएगा?
89. NaCl के निर्माण में सोडियम कितने इलेक्ट्रॉनों का दान करता है?
90.$MgCl_2$ के निर्माण में मैग्नीशियम कितने इलेक्ट्रॉनों का दान करता है?
91.$CuO + H_2 \rightarrow Cu + H_2O$ में CuO का अपचयन हो रहा है या उपचयन?
92.सही जोड़े मिलाइए।

खंड A (गुणधर्म / प्रक्रिया)	खंड B (परिभाषा / उदाहरण)
1. आघातवर्धनीयता	(a) जिंक की परत चढ़ाना
2. तन्यता	(b) वायुमंडल के साथ धातु का धीमा उपचयन
3. यशदलेपन	(c) चादर बनाना
4. संक्षारण	(d) तार बनाना

93.

खंड A	खंड B
1. NaCl	(a) ताँबे का लवण
2. $MgCl_2$	(b) उभयधर्मी ऑक्साइड
3. Al_2O_3	(c) सोडियम क्लोराइड
4. $CuSO_4$	(d) मैग्नीशियम क्लोराइड

94.

खंड A	खंड B
1. एनोड	(a) अशुद्धियाँ
2. कैथोड	(b) धातु युक्त खनिज
3. गैंग	(c) अशुद्ध ताँबे की पट्टी
4. अयस्क	(d) शुद्ध ताँबे की पट्टी

विभाग - **B** (प्रत्येक के **2** अंक)

95.धातु और अधातु के भौतिक गुणधर्मों में कोई दो अंतर लिखिए।
96.सोडियम को कैरोसिन में डुबोकर क्यों रखा जाता है?
97.तन्यता और आघातवर्धनीयता को समझाइए।
98.धातुएँ सामान्यतः विद्युत की अच्छी सुचालक क्यों होती हैं?
99.ग्रेफाइट एक अधातु होने के बावजूद विद्युत का चालन क्यों करता है?
100.धातुओं की अम्ल के साथ अभिक्रिया को उदाहरण और समीकरण सहित समझाइए।
101.सोडियम की पानी के साथ अभिक्रिया का रासायनिक समीकरण लिखिए।
102.मैग्नीशियम ठंडे पानी और भाप के साथ कैसे अभिक्रिया करता है? रासायनिक समीकरण दीजिए।
103.धातुएँ जब ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया करती हैं, तो होने वाली प्रक्रिया को उदाहरण सहित समझाइए।
104.उभयधर्मी ऑक्साइड क्या होते हैं? दो उदाहरण दीजिए।
105.इलेक्ट्रॉन के स्थानांतरण के द्वारा NaCl के निर्माण को समझाइए।
106.आयनिक यौगिकों का गलनांक उच्च क्यों होता है? कारण बताइए।
107.आयनिक यौगिक ठोस अवस्था में विद्युत का चालन क्यों नहीं करते हैं?
108.मिश्रधातु किसे कहते हैं? इसके दो उदाहरण दीजिए।
109.धातुओं के निष्कर्षण में सक्रियता श्रेणी का क्या उपयोग है?

110.अयस्क, खनिज और गैंग – इन तीनों शब्दों को परिभाषित कीजिए।
111.थर्मिट अभिक्रिया क्या है? इसका रासायनिक समीकरण लिखिए।
112.ताँबे के विद्युत अपघटनी परिष्करण में एनोड, कैथोड और प्रयुक्त विलयन का नाम बताइए।
113.संक्षारण क्या है? लोहे में जंग लगने के लिए आवश्यक दो कारक लिखिए।
114.लोहे को संक्षारण से बचाने की किन्हीं चार विधियों के नाम लिखिए।
115.



ऊपर दिए गए चित्र (मैग्नीशियम रिबन का दहन) का अवलोकन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:
(i) ज्वाला के रंग में परिवर्तन क्यों दिखाई देता है?
(ii) मैग्नीशियम रिबन को हवा में जलाने पर कौन सा उत्पाद प्राप्त होता है? उसका रासायनिक सूत्र लिखिए।
116.ताँबे के विद्युत अपघटनी परिष्करण प्रक्रिया का नामांकित चित्र बनाइए।

विभाग - C (प्रत्येक के 3 अंक)

117.धातुओं के भौतिक गुणधर्मों को समझाइए तथा धातु और अधातु के बीच कोई तीन अंतर लिखिए।
118.धातुओं की पानी के साथ अभिक्रिया को सोडियम, कैल्शियम और मैग्नीशियम के उदाहरणों की सहायता से समझाइए और आवश्यक रासायनिक समीकरण लिखिए।
119.धातुओं की अम्ल और ऑक्सीजन के साथ होने वाली अभिक्रियाओं को उदाहरणों सहित समझाइए तथा उनके समीकरण लिखिए।
120. NaCl और $MgCl_2$ की रचना इलेक्ट्रॉनिक विन्यास के आधार पर समझाइए।
121.आयनिक यौगिकों के किन्हीं तीन मुख्य गुणधर्मों को समझाइए।
122.सक्रियता श्रेणी के आधार पर मध्यम अभिक्रियाशील धातुओं के निष्कर्षण की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाइए।
123.संक्षारण क्या है? लोहे में जंग लगने की पूरी प्रक्रिया को समझाइए।
124.संक्षारण को रोकने के विभिन्न उपायों का वर्णन कीजिए।
125.$MgCl_2$ में मैग्नीशियम और क्लोरीन के बीच इलेक्ट्रॉनों के स्थानांतरण द्वारा आयनिक आबंध के निर्माण को समझाइए।

विभाग - **D** (प्रत्येक के **4** अंक)

126.ताँबे के विद्युत अपघटनी परिष्करण की प्रक्रिया को चित्र बनाकर समझाइए। चित्र में एनोड, कैथोड, $CuSO_4$ विलयन, शुद्ध ताँबा और एनोड पंक को दर्शाइए तथा एनोड और कैथोड पर होने वाली अभिक्रियाओं के समीकरण लिखिए।

127.सक्रियता श्रेणी के मध्य में स्थित धातुओं के निष्कर्षण की प्रक्रिया को उदाहरण सहित समझाइए। उपयुक्त रासायनिक समीकरण भी लिखिए।

128.संक्षारण को समझाइए। संक्षारण के लिए आवश्यक कारकों का उल्लेख कीजिए तथा इसे रोकने की विभिन्न पद्धतियों का विस्तृत वर्णन कीजिए।

129.निम्नलिखित रासायनिक अभिक्रियाओं के आधार पर धातुओं के रासायनिक गुणधर्मों को समझाइए:

(i) $2Mg + O_2 \rightarrow 2MgO$

(ii) $Zn + 2HCl \rightarrow ZnCl_2 + H_2$

(iii) $2Na + 2H_2O \rightarrow 2NaOH + H_2$

प्रत्येक अभिक्रिया में बनने वाले उत्पाद की पहचान कीजिए तथा धातु के संबंधित गुणधर्म की व्याख्या कीजिए।

130.



ऊपर दिए गए चित्र का अवलोकन करके लोहे के संक्षारण के संबंध में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(i) परखनली A में लोहे की कीलों को किन परिस्थितियों में रखा गया है?

(ii) परखनली B में पानी के ऊपर तेल की परत क्यों रखी गई है?

(iii) परखनली C में निर्जल कैल्शियम क्लोराइड क्यों रखा गया है?

(iv) इस प्रयोग के आधार पर लोहे में जंग लगने के लिए आवश्यक परिस्थितियों का निष्कर्ष निकालिए।

अध्याय **5-** जैव प्रक्रम

इस अध्याय में समाविष्ट अध्ययन निष्पत्तियां**:**
SCI1001: सामग्री, पदार्थों, जीवों, घटनाओं और प्रक्रियाओं को उनके गुणों और विशेषताओं के आधार पर अलग करता है।
SCI1005: प्रक्रियाओं और घटनाओं को समझाता है।
SCI1011: दैनिक जीवन की समस्याओं को हल करने के लिए सीखे गए वैज्ञानिक सिद्धांतों को दैनिक जीवन में लागू करता है।
SCI1017: परिणामों और निष्कर्षों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है।

विभाग **- A (**प्रत्येक का **1** अंक**)**

●नीचे दिए गए कथनों के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए**:**
1.स्वपोषी के लिए ..... आवश्यक है।
(A) कार्बन डाइऑक्साइड और जल
(B) क्लोरोफिल
(C) सूर्य का प्रकाश
(D) उपरोक्त सभी
2.मनुष्यों में फेफड़े ..... से जुड़े एक तंत्र का भाग हैं।
(A) पोषण
(B) श्वसन
(C) उत्सर्जन
(D) परिवहन
3.मनुष्यों में वृक्क ..... से जुड़े एक तंत्र का भाग हैं।
(A) पोषण
(B) श्वसन
(C) उत्सर्जन
(D) परिवहन
4.मनुष्यों में डायाफ्राम..... से जुड़े एक तंत्र का भाग है।
(A) परिवहन
(B) उत्सर्जन
(C) श्वसन
(D) परिवहन
5.वृक्क के अक्रिय (निष्क्रिय) होने की स्थिति में कृत्रिम वृक्क का उपयोग करके रक्त से नाइट्रोजनयुक्त अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं?
(A) पैरालिसिस
(B) इलेक्ट्रोलिसिस
(C) डायलिसिस
(D) हाइड्रोलिसिस
6.छोटी आंत की दीवार में भोजन के तरंग जैसी संकुचन और विस्तार की घटना को क्या कहते हैं?

(A) परिवहन
(B) विसरण
(C) अवशोषण
(D) पाचन

7.लसीका का मुख्य कार्य निम्नलिखित में से कौन सा है?
(A) RBC को लसीका ग्रंथियों में वापस भेजना।
(B) अंतराकोशिकीय अवकाश से अतिरिक्त द्रव को अवशोषित करके रक्त प्रवाह में वापस भेजना।
(C) मस्तिष्क में ऑक्सीजन की आपूर्ति करना।
(D) फेफड़ों में
का परिवहन करना।

8.पौधों में जाइलम ..... के लिए उत्तरदायी है।
(A) जल का परिवहन
(B) भोजन का परिवहन
(C) अमीनो अम्ल का परिवहन
(D) ऑक्सीजन का परिवहन

9...... में पायरुवेट के विखंडन से कार्बन डाइऑक्साइड, जल और ऊर्जा उत्पन्न होती है।
(A) कोशिकाद्रव्य
(B) माइटोकॉन्ड्रिया
(C) हरितलवक
(D) केंद्रक

10.रेजिन और गोंद पौधों के ..... पदार्थ हैं।
(A) पोषक
(B) संरचनात्मक
(C) उत्सर्जी
(D) आरक्षित

11.सही मिलान कौन सा है?
(A) रंध्र - भोजन निर्माण
(B) स्थानांतरण - ग्लूकोज
(C) दीर्घरोम - मल का त्याग
(D) श्वासनली - उपास्थिमय वलय

12.प्रकाश संश्लेषण की क्रिया में ऊर्जा का कौन सा रूपांतरण होता है?
(A) सौर ऊर्जा का मुक्त ऊर्जा में
(B) सौर ऊर्जा का रासायनिक ऊर्जा में
(C) रासायनिक ऊर्जा का मुक्त ऊर्जा में
(D) मुक्त ऊर्जा का रासायनिक ऊर्जा में

13.अम्लीय माध्यम में कार्य करने वाला एंजाइम ..... है।
(A) एमाइलेज
(B) पेप्सिन
(C) ट्रिप्सिन
(D) इनमें से कोई नहीं

14.पित्त का संग्रहण करने वाला अंग ..... है।
(A) यकृत
(B) अग्न्याशय
(C) छोटी आंत
(D) पित्ताशय
15.रंध्र निर्माण करने वाली कोशिकाएँ कौन सी हैं?
(A) बाह्यत्वचीय कोशिकाएँ
(B) सहचर कोशिकाएँ
(C) चालनी कोशिकाएँ
(D) द्वार कोशिकाएँ
16.पाचन का अंतिम उद्देश्य ..... है?
(A) परिवहन
(B) अवशोषण
(C) श्वसन
(D) स्वांगीकरण
17.श्वसन के प्रथम चरण में ग्लूकोज से ..... उत्पाद बनता है।
(A) इथेनॉल
(B) लैक्टिक अम्ल
(C) पायरुवेट
(D) ऑक्सीजन
18.मनुष्यों में गैसों के विनिमय के लिए निश्चित स्थान ..... है।
(A) श्वसनी
(B) कूपिका
(C) रसांकुर
(D) त्वचा
19.निम्नलिखित में से कौन सा जीव बिना हवा के जीवित रह सकता है?
(A) अमीबा
(B) यीस्ट
(C) जोंक
(D) हरे पौधे
20.निम्नलिखित में से किस जीव में छोटी आंत की लंबाई सबसे अधिक होती है?
(A) गाय
(B) बाघ
(C) चूहा
(D) मनुष्य
21.मनुष्यों में प्रोटीन के पाचन की शुरुआत कहाँ से होती है?
(A) आमाशय
(B) मुख
(C) छोटी आंत
(D) मलाशय

●निम्नलिखित कथन सत्य हैं या असत्य बताइए।

22.मांसाहारी प्राणियों में क्षुद्रांत्र छोटी होती है।
23.मनुष्यों में ऑक्सीजन की कमी या अभाव होने पर पायरुवेट लैक्टिक अम्ल में परिवर्तित हो जाता है।
24.रंध्र के चारों ओर स्थित कोशिकाओं को द्वार कोशिकाएँ कहते हैं।
25.घास में मौजूद सेल्युलोज का पाचन शाकाहारी प्राणी कर सकते हैं।
26.पेप्सिन और ट्रिप्सिन कार्बोहाइड्रेट और वसा का पाचन करते हैं।
27.श्वासनली कूपिकाओं में समाप्त होती है।
28.फ्लोएम ऊतक कार्बोहाइड्रेट, अमीनो अम्ल और पादप हार्मोन का परिवहन करता है।
29.शिराएँ ऑक्सीजन-रहित रक्त का परिवहन करती हैं, फुफ्फुसीय शिरा को छोड़कर।
30.मनुष्यों में ऑक्सीजन की कमी या अभाव होने पर पायरुवेट लैक्टिक अम्ल में परिवर्तित हो जाता है।
31.उभयचर प्राणी तीन-कक्षीय हृदय वाले होते हैं।
32.मछली का हृदय तीन-कक्षीय होता है।
33.पैरामिशियम एक स्वपोषी जीव है।
34.यकृत पित्त का स्राव करता है।
35.हमारी पेशी कोशिकाओं में अवायवीय श्वसन से लैक्टिक अम्ल उत्पन्न होता है।
36.हमारे हृदय का आकार हमारी मुट्ठी के आकार के बराबर होता है।
37.वायवीय श्वसन में मुक्त होने वाली ऊर्जा, अवायवीय श्वसन द्वारा मुक्त होने वाली ऊर्जा से अधिक होती है।
38.घास में मौजूद सेल्युलोज का पाचन शाकाहारी प्राणी कर सकते हैं।
39.पेप्सिन और ट्रिप्सिन कार्बोहाइड्रेट और वसा का पाचन करते हैं।
40.श्वासनली कूपिकाओं में समाप्त होती है।
41.फ्लोएम ऊतक कार्बोहाइड्रेट, अमीनो अम्ल और पादप हार्मोन का परिवहन करता है।
42.विषमपोषी जीव पोषण के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से स्वपोषी जीवों पर निर्भर होते हैं।
43.मनुष्यों में स्टार्च, ग्लाइकोजन के रूप में संचित होता है।
44.प्रकाश संश्लेषण में कार्बन डाइऑक्साइड गैस का उपयोग होता है।
45.रंध्र के खुलने और बंद होने की क्रिया का नियंत्रण हरितलवक करता है।
46.मनुष्यों की छोटी आंत में भोजन के पाचन के लिए यकृत और आमाशय से पाचक रस आते हैं।
47.यकृत अम्लीय पित्त रस का स्राव करता है।
48.आमाशय की दीवार में जठर रस के स्राव के लिए जठर ग्रंथियाँ होती हैं।
49.स्थलीय प्राणियों की श्वसन दर जलीय प्राणियों की तुलना में अधिक होती है।
50.पैरामिशियम में पक्ष्माभ की गति भोजन के अंतर्ग्रहण में सहायक होती है।
51.ट्रिप्सिन हार्मोन वसा का पाचन करता है।
52.डायलिसिस में कृत्रिम वृक्क द्वारा रक्त से अपशिष्ट पदार्थों को दूर किया जाता है।
53.श्वासनली कूपिका में समाप्त होती है।
54.उच्छ्वासन की क्रिया के समय डायफ्राम नीचे की ओर गति करता है।

●रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

55.धमनियाँ रक्त को हृदय से शरीर के विभिन्न अंगों तक ले जाती हैं। धमनी की दीवार ..... होती है।
56.पौधों में प्रकाश ऊर्जा का रासायनिक ऊर्जा में रूपांतरित होने की घटना को ..... कहते हैं।
57.हृदय के संकुचन के दौरान रक्त उसी मार्ग से वापस न लौटे, इसके लिए ..... कार्य करते हैं।
58...... की उपस्थिति का पता लगाने के लिए आयोडीन के घोल का उपयोग किया जाता है।
59...... गैस की उपस्थिति में चूने का ताजा पानी दूधिया हो जाता है।
60.ग्लूकोज के अणु का विखंडन होकर ऊर्जा मुक्त होने की क्रिया को ..... कहते हैं।
61.यकृत से निकलने वाले पित्त रस को पाचन मार्ग के ..... अंग द्वारा ग्रहण किया जाता है।
62.पाचन मार्ग में भोजन के साथ मिलने वाला पहला एंजाइम ..... है।
63.रंध्र के खुलने और बंद होने की क्रिया का नियमन ..... करते हैं।
64.अमीबा में भोजन का पाचन ..... में होता है।
65.ग्लूकोज के अणु का विखंडन होकर ऊर्जा मुक्त होने की क्रिया को ..... कहते हैं।
66.यकृत से निकलने वाले पित्त रस को पाचन मार्ग के ..... अंग द्वारा ग्रहण किया जाता है।
67.कोशिकीय श्वसन में उपयोग में लाया जाने वाला मुख्य पदार्थ ..... है।
68.ऊर्जा के स्रोत को भोजन के रूप में बाहर से सजीवों के शरीर में ग्रहण करने की क्रिया को ..... कहते हैं।
69.मनुष्य ..... प्रकार की पोषण पद्धति दर्शाता है।
70...... एंजाइम स्टार्च को माल्टोज में पचाता है।
71पेप्सिन ..... माध्यम में कार्य करने वाला एंजाइम है।
72...... की उपस्थिति से छोटी आंत की अवशोषण सतह का क्षेत्रफल बढ़ जाता है।
73.फ्लोएम में प्रकाश संश्लेषण के उत्पादों के परिवहन को ..... कहते हैं।
74. वृक्काणु (नेफ्रॉन) का अंतिम सिरा ..... में खुलता है।
75.प्रकाश संश्लेषण के दौरान भोजन के साथ सह-उत्पाद (उप-उत्पाद) के रूप में ..... मिलता है।
76...... एक कप के आकार की संरचना है जिसमें रुधिर केशिकागुच्छ होता है और जो रक्त को छानता है।

●एक वाक्य या एक शब्द में उत्तर दीजिए।

77.वृक्क की निस्पंदन इकाई का नाम बताइए।
78.रक्तचाप मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?
79.समझाइए: अवायवीय श्वसन।
80.जाइलम में जल के ऊपर की ओर चढ़ने के लिए उत्पन्न होने वाले खिंचाव के लिए कौन सी प्रक्रिया मुख्य प्रेरक बल बनती है?
81.मनुष्यों में भोजन के पाचन की शुरुआत कहाँ से होती है?
82.मनुष्यों के गले में श्वासनली के क्षेत्र में उपास्थि के वलय क्यों होते हैं?
83.रक्त में कार्बन डाइऑक्साइड का परिवहन किस रूप में होता है?
84.उत्सर्जन का क्या अर्थ है?
85.एंजाइम क्या होते हैं?
86.संवहन बंडल किसे कहते हैं?

87.यीस्ट के कोशिकाद्रव्य में पायरुवेट का इथेनॉल और कार्बन डाइऑक्साइड में रूपांतरण होता है, इस क्रिया का नाम बताइए।
88.मनुष्य में सामान्य स्थिति में औसत श्वसन दर प्रति मिनट कितनी होती है?
89.स्वपोषी पोषण के लिए आवश्यक परिस्थितियाँ कौन सी हैं और इसके उत्पाद क्या हैं?
90.पाचन किसे कहते हैं?
91लसीका का क्या अर्थ है?
92.जब हमें चोट लगती है और उस स्थान से रक्त बहने लगता है, तो उसका बहाव कैसे रुकता है?
93.धमनी और शिरा के बीच अंतर लिखिए।
94.मनुष्यों के गले में श्वासनली के क्षेत्र में उपास्थि के वलय क्यों होते हैं?
95.रक्त में कार्बन डाइऑक्साइड का परिवहन कैसे होता है?
96.यीस्ट के कोशिकाद्रव्य में पायरुवेट का इथेनॉल और कार्बन डाइऑक्साइड में रूपांतरण होता है, इस क्रिया का नाम बताइए।
97.मनुष्य में औसत श्वसन दर प्रति मिनट कितनी होती है?
98.मनुष्यों में भोजन के पाचन की शुरुआत कहाँ से होती है?
99.हमारे शरीर में वसा का पाचन कहाँ होता है?
100.भोजन के पाचन में लार की क्या भूमिका है?
101.ATP का पूरा नाम बताइए।
102.कवक में किस प्रकार का पोषण पाया जाता है?
103.हरे पौधे कार्बोहाइड्रेट को किस रूप में संचित करते हैं?
104.मनुष्यों में कार्बोहाइड्रेट किस रूप में संचित होता है?
105.द्वार कोशिकाओं का कार्य बताइए।
106.परजीवी पोषण दर्शाने वाले जीवों के नाम बताइए।
107.क्रमाकुंचन किसे कहते हैं?
108.एसिडिटी किस कारण से होती है?
109.किस प्रकार के श्वसन में अधिक ऊर्जा मुक्त होती है?
110.मछली के श्वसन अंग का नाम बताइए।
111.हमारे शरीर में वायु का मार्ग अवरुद्ध क्यों नहीं होता ?
112.किस श्वसन वर्णक की ऑक्सीजन के प्रति उच्च बंधुता होती है?
113."मैं सामान्य स्थिति में आमाशय के आंतरिक अस्तर को हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के प्रभाव से बचाता हूँ, तो मैं कौन हूँ?"

●निम्नलिखित जोड़े मिलाइए:

114.

A	B
1. शैवाल	(a) मृतोपजीवी पोषण
2. अमरबेल	(b) प्राणीसम पोषण
3. कवक	(c) स्वपोषी पोषण

4. अमीबा	(d) परजीवी पोषण

115.

A	B
1. लार ग्रंथि	(a) प्रोटीन पाचन की शुरुआत
2. यकृत	(b) ट्रिप्सिन एंजाइम
3. अग्न्याशय	(c) क्षारीय पित्त
4. आमाशय	(d) एमिलेस का स्राव

116.

A	B
1. मछली	(a) पक्ष्माभ
2. मनुष्य	(b) कूटपाद
3. पैरामिशियम	(c) गलफड़े
4. अमीबा	(d) सर्वाहारी

117.

A	B
1. डायफ्राम	(a) श्वासनली
2. कूपिका	(b) श्वास लेने में सहायक
3. उपास्थिमय वलय	(c) अवशोषण
4. रसांकुर(दीर्घरोम)	(d) गैसों का विनिमय

118.

A	B
1. स्थानांतरण	(a) ऊर्जा मुक्त
2. वाष्पोत्सर्जन	(b) सुक्रोज परिवहन

3. श्वसन	(c) ऊर्जा संचय
4. प्रकाश संश्लेषण	(d) तापमान नियमन

विभाग - B (प्रत्येक के 2 अंक)

119.भोजन के पाचन में लार की क्या भूमिका है?
120.गैसों के अधिकतम विनिमय के लिए कूपिकाओं की संरचना किस प्रकार की होती है?
121.उच्च श्रेणी के पौधों में परिवहन तंत्र के घटक कौन से हैं?
122.स्वपोषी पोषण के लिए आवश्यक परिस्थितियाँ कौन सी हैं और इसके उत्पाद क्या हैं?
123.जब हमें चोट लगती है और उस स्थान से रक्त बहने लगता है, तो उसका थक्का बनकर बहाव कैसे रुकता है?
124.अंतर स्पष्ट कीजिए: धमनी और शिरा।
125.अंतर स्पष्ट कीजिए: जाइलम ऊतक और फ्लोएम ऊतक।
126.अंतर स्पष्ट कीजिए: स्वपोषी पोषण और विषमपोषी पोषण।
127.हमारे शरीर में वसा का पाचन कैसे होता है? यह प्रक्रिया कहाँ होती है?
128.भोजन के पाचन में लार की क्या भूमिका है?
129.गैसों के अधिकतम विनिमय के लिए कूपिकाओं की संरचना किस प्रकार की होती है?
130.हमारे शरीर में वसा का पाचन कैसे होता है? यह प्रक्रिया कहाँ होती है?
131.प्रकाश संश्लेषण किसे कहते हैं? इस प्रक्रिया का रासायनिक समीकरण दीजिए।
132.वैज्ञानिक कारण बताइए: पत्तियों में रंध्र खुलते और बंद होते रहते हैं।
133.वैज्ञानिक कारण बताइए: परजीवी पोषण यजमान जीव के लिए हानिकारक होता है।
134.वैज्ञानिक कारण बताइए: मांसाहारी प्राणियों की तुलना में शाकाहारी प्राणियों में छोटीआंत की लंबाई अधिक होती है।
135.दी गई आकृति को देखिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:



(i) दी गई आकृति में X और Y का नाम बताइए।
(ii)यह किस प्रक्रिया को प्रदर्शित करता है?
136.श्वसन के लिए ऑक्सीजन प्राप्त करने की क्रिया में एक जलीय जीव की तुलना में स्थलीय जीव को क्या लाभ है?

137.गंधीय सूचक किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए।
138.नीचे दिए गए पाचन तंत्र के अंगों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए। इनमें से किन अंगों में स्टार्च और प्रोटीन का आंशिक पाचन होता है, वह बताइए।
अंगों की सूची: छोटी आंत, ग्रसिका , आमाशय,
मलाशय, मुख, बड़ी आंत।
139.प्रकाश संश्लेषण किसे कहते हैं? इस क्रिया के दौरान होने वाली मुख्य घटनाओं का उल्लेख कीजिए।
140.व्याख्या कीजिए: मनुष्यों में दोहरा परिसंचरण ।
141.नीचे दी गई आकृति का ध्यानपूर्वक अवलोकन कीजिए और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:



(i)X द्वारा इंगित भाग/संरचना को पहचानिए और
इसके द्वारा होने वाली दो प्रक्रियाओं के नाम लिखिए।
(ii)Y द्वारा इंगित भाग को पहचानिए और इसका
कार्य बताइए।
142.मनुष्यों में पाचन क्रिया को दर्शाने वाली निम्नलिखित तालिका में रिक्त स्थानों (i, ii, iii, iv) की पूर्ति कीजिए:

अंग	खाद्य घटक	एंजाइम	पाचन के बाद उत्पाद
मुँह	स्टार्च (मंड)	(i)_____	सरल शर्करा
आमाशय	(ii)_____	पेप्सिन	सरल प्रोटीन
क्षुद्रांत्र	प्रोटीन	(iii)_____	अमीनो अम्ल
क्षुद्रांत्र	वसा	लाइपेज	(iv)_____

विभाग - C(प्रत्येक के 3 अंक)

143.जैव प्रक्रम किसे कहते हैं? सजीवों के लिए महत्वपूर्ण जैव प्रक्रमों को समझाइए।
144.मनुष्यों के उत्सर्जन तंत्र का सचित्र वर्णन कीजिए।
145.विभिन्न जीवों में ग्लूकोज के ऑक्सीकरण से ऊर्जा प्राप्त करने के विभिन्न पथ कौन से हैं?
146.मनुष्यों में दोहरे परिसंचरण की परिभाषा दीजिए। यह क्यों आवश्यक है?
147.(i) मनुष्य के हृदय का नामांकित चित्र बनाइए।

(ii) हृदय की कार्यप्रणाली समझाइए ।

148. अमीबा में पोषण की प्रक्रिया को चित्र सहित समझाइए।

149. विभिन्न जीवों में ग्लूकोज के ऑक्सीकरण से ऊर्जा प्राप्त करने के विभिन्न पथ कौन से हैं?

विभाग - **D** (प्रत्येक के **4** अंक)

150.मनुष्य के श्वसन तंत्र का चित्र बनाकर श्वासोच्छवास की क्रियाविधि समझाइए।

151.मनुष्य के पाचन तंत्र का नामांकित चित्र बनाकर उसकी कार्यप्रणाली समझाइए।

152.नीचे दिए गए क्रियाकलाप में किस गमले के पौधे में प्रकाश संश्लेषण नहीं होगा? क्यों? इस क्रियाकलाप से आप क्या निष्कर्ष निकालेंगे?



153.आप यह कैसे प्रदर्शित करेंगे कि उच्छ्वसन (सांस बाहर छोड़ने) द्वारा निकलने वाली हवा में कार्बन डाइऑक्साइड होती है? इस प्रक्रिया को एक क्रियाकलाप द्वारा समझाइए।

अध्याय **6-** नियंत्रण एवं समन्वय

इस अध्याय में समाविष्ट अध्ययन निष्पत्तियां**:**

SCI1001: सामग्री, पदार्थों, जीवों, घटनाओं और प्रक्रियाओं को उनके गुणों और विशेषताओं के आधार पर अलग करता है।

SCI1003: तथ्यों, सिद्धांतों और घटनाओं को समझने तथा उनकी जांच करने या अपने प्रश्नों के उत्तर खोजने के लिए अनुसंधान या प्रयोगों की योजना और आयोजन करता है।

SCI1004: प्रक्रियाओं और घटनाओं को कारणों के साथ जोड़ता है।

SCI1005: प्रक्रियाओं और घटनाओं की व्याख्या करता है।

SCI1011: दैनिक जीवन की समस्याओं को हल करने के लिए सीखे गए वैज्ञानिक सिद्धांतों को व्यावहारिक जीवन में लागू करता है।

SCI1015: इको-फ्रेंडली (पर्यावरण अनुकूल) संसाधनों के उपयोग से मॉडल निर्माण में रचनात्मकता दिखाता है।

SCI1017: परिणामों और निष्कर्षों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है।

विभाग - **A** (प्रत्येक का **1** अंक)

●नीचे दिए गए कथनों के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए।

1.मस्तिष्क का कौन सा भाग शरीर का संतुलन बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है?
(A) प्रमस्तिष्क
(B) अनुमस्तिष्क
(C) पोंस
(D) मेडुला

2.पौधों में छुईमुई के पौधे की पत्तियों का स्पर्श के प्रति अनुक्रिया दिखाना किस प्रकार की गति है?
(A) प्रकाशानुवर्तन
(B) वृद्धि आधारित गति
(C) वृद्धि से मुक्त गति
(D) रसायनानुवर्तन

3.निम्नलिखित में से कौन सा हार्मोन पौधों की वृद्धि को रोकता है?
(A) ऑक्सिन
(B) जिबरेलिन
(C) साइटोकाइनिन
(D) एब्सिसिक एसिड

4.मनुष्यों में रक्त में शर्करा की मात्रा को नियंत्रित करने वाला हार्मोन कौन सा है?
(A) थायरोक्सिन
(B) इंसुलिन
(C) एड्रेनालाईन
(D) टेस्टोस्टेरोन

5.परागनलिका की बीजांड की ओर होने वाली वृद्धि किस प्रकार का अनुवर्तन है?
(A) जलानुवर्तन
(B) गुरुत्वानुवर्तन
(C) रसायनानुवर्तन
(D) प्रकाशानुवर्तन

6.शरीर में "लड़ो या भागो" परिस्थिति के लिए कौन सा हार्मोन जिम्मेदार है?
(A) थायरोक्सिन
(B) एड्रिनलीन
(C) ग्रोथ हार्मोन
(D) इंसुलिन

7.विद्युत संकेतों के संचरण का सही मार्ग कौन सा है?



8.यदि किसी व्यक्ति को सर्दी-जुकाम हो गया है, तो वह क्या नहीं पहचान पाएगा?

(A) सेब और आइसक्रीम के स्वाद में अंतर

(B) इत्र और अगरबत्ती की सुगंध में अंतर

(C) लाल और हरे प्रकाश में अंतर

(D) गर्म और ठंडी वस्तु में अंतर

9.किशोरावस्था के प्रारंभ में शारीरिक लक्षणों में होने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तन मुख्य रूप से किस हार्मोन के कारण होते हैं?

(A) वृषण से निकलने वाले एस्ट्रोजन और अंडाशय से निकलने वाले टेस्टोस्टेरोन के कारण

(B) एड्रिनल ग्रंथि से निकलने वाले एस्ट्रोजन और पिट्यूटरी ग्रंथि से निकलने वाले टेस्टोस्टेरोन के कारण

(C) वृषण से निकलने वाले टेस्टोस्टेरोन और अंडाशय से निकलने वाले एस्ट्रोजन के कारण

(D) थायराइड ग्रंथि से निकलने वाले टेस्टोस्टेरोन और पिट्यूटरी ग्रंथि से निकलने वाले एस्ट्रोजन के कारण

10.एक डॉक्टर ने एक मरीज को इंसुलिन का इंजेक्शन लेने की सलाह दी क्योंकि...

(A) मरीज का ब्लड प्रेशर कम था।

(B) मरीज के दिल की धड़कन धीमी थी।

(C) मरीज को घेंघा (गोइटर) नामक रोग था।

(D) मरीज के रक्त में शर्करा का स्तर अधिक था।

●दिए गए कथनों को सत्य बनाने के लिए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

11.हमारे आहार में _____ की कमी से घेंघा होता है। (आयोडीन / कैल्शियम)

12.दो तंत्रिका कोशिकाओं के बीच के खाली स्थान को _____ कहते हैं। (सिनेप्स / एक्सॉन)

13.पौधों के प्ररोह के अग्र भाग में संश्लेषित होने वाला _____ हार्मोन कोशिकाओं की लंबाई में वृद्धि को प्रेरित करता है। (ऑक्सिन / एब्सिसिक एसिड)

14.दिल की धड़कन और रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) जैसी अनैच्छिक क्रियाओं का नियंत्रण मस्तिष्क का _____ भाग करता है। (मेडुला / अनुमस्तिष्क)

15.थायराइड ग्रंथि से थायरोक्सिन हार्मोन के संश्लेषण के लिए _____ तत्व आवश्यक है। (आयोडीन / कैल्शियम)
16.परागनलिका की बीजांड की ओर होने वाली वृद्धि _____ का एक उदाहरण है। (वृद्धि आधारित गति / वृद्धि से मुक्त गति)
17.नर लैंगिक लक्षणों के विकास के लिए _____ हार्मोन जिम्मेदार है। (टेस्टोस्टेरोन / एस्ट्रोजन)

● दिए गए कथन सत्य हैं या असत्य बताइए।

18.प्रतिवर्ती क्रियाओं का संचालन हृदय द्वारा होता है।
19.लार का स्राव मेडुला द्वारा नियंत्रित होता है।
20.प्रतिवर्ती क्रियाओं का मुख्य समन्वय केंद्र मेरुरज्जु है।
21.साइटोकाइनिन हार्मोन पौधों में कोशिका विभाजन को तेज करता है।
22.पौधों में तंत्रिका तंत्र और पेशी ऊतक पाए जाते हैं।
23.थायरोक्सिन के अल्पस्राव से घेंघा नामक रोग होता है।
24.पौधों की जड़ें हमेशा प्रकाश की दिशा में ही गति करती हैं।

●एक वाक्य या एक शब्द में उत्तर दीजिए।

25.लड़कों में यौवनावस्था के दौरान दाढ़ी और मूंछ उगने के लिए कौन सा हार्मोन जिम्मेदार है?
26.तंत्रिका कोशिका (न्यूरॉन) का कौन सा भाग सूचना या संवेदना ग्रहण करने का कार्य करता है?
27.पौधों में पत्तियों का मुरझाना किस हार्मोन के प्रभाव के कारण होता है?
28.केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (CNS) के दो मुख्य अंग कौन से हैं?
29.लैंगिक परिपक्वता के समय मादा में स्रावित होने वाले मुख्य लैंगिक हार्मोन का नाम बताइए।
30.वृक्क के ऊपर स्थित अंतःस्रावी ग्रंथि का नाम क्या है?
31.सूर्यमुखी के फूल का सूर्य की गति की ओर मुख रखना किस प्रकार की गति को दर्शाता है?
32.मेडुला द्वारा किन क्रियाओं का नियमन होता है?

● सही जोड़े मिलाइए**:**

33.

विभाग A (हार्मोन)	विभाग B (कार्य)
(1) थायरोक्सिन	(A) रक्त में शर्करा की मात्रा का नियमन करना।
(2) टेस्टोस्टेरोन	(B) महिला जननांगों का विकास, मासिक धर्म का नियमन करना।
(3) एस्ट्रोजन	(C) नर में द्वितीयक लैंगिक लक्षणों का विकास करना।
(4) इंसुलिन	(D) शरीर की वृद्धि के लिए चयापचय का नियमन करना।

34.

खंड A (घटक / घटना)	खंड B (प्रकार / स्थान)
(1) घ्राण ग्राही	(A) जिह्वा
(2) ऊष्मा ग्राही	(B) आँख
(3) स्वाद ग्राही	(C) नाक
(4) प्रकाश ग्राही	(D) त्वचा

35.

खंड A (मस्तिष्क के भाग)	खंड B (कार्य)
(1) अग्र मस्तिष्क	(A) शरीर का संतुलन
(2) मेडुला	(B) प्रतिवर्ती चाप
(3) अनुमस्तिष्क	(C) सोचने वाला मुख्य भाग
(4) मेरुरज्जु	(D) लार के स्राव का नियंत्रण

36.

खंड A (हार्मोन)	खंड B (कार्य)
(1) ऑक्सिन	(A) पत्तियों का मुरझाना
(2) जिबरेलिन	(B) कोशिका विभाजन को प्रेरित करना
(3) साइटोकाइनिन	(C) तने की वृद्धि में सहायक
(4) एब्सिसिक एसिड	(D) प्रकाशानुवर्तन

विभाग - **B (**प्रत्येक के**2** अंक**)**

37.नीचे दिए गए चित्र में (a), (b), (c) और (d) को नामांकित कीजिए और संकेतों द्वारा तंत्रिका आवेग के संचरण की दिशा दर्शाइए।



38.निम्नलिखित के लिए जिम्मेदार पादप हार्मोन के नाम बताइए।
(a) कोशिकाओं की लंबाई में वृद्धि
(b) तने की वृद्धि
(c) कोशिका विभाजन में वृद्धि
(d) पुरानी पत्तियों का गिरना

39.निम्न आकृति में दर्शाई गई अंतःस्रावी ग्रंथियों के नाम बताइए।



40.नीचे दी गई आकृतियों (a), (b) और (c) में से कौन सी आकृति सही है? और क्यों?



41.नीचे दिए गए चित्र में तंत्रिका कोशिका के भागों (a), (b), (c), (d) को नामांकित कीजिए।



42.नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।



(a) प्ररोहाग्र किस प्रकार का अनुवर्तन दर्शाता है?
(b) यह चित्र किस परिघटना को दर्शाता है?
43.प्रतिवर्ती क्रिया से क्या अभिप्राय है? इसका एक व्यावहारिक उदाहरण दीजिए।
44.सिनेप्स किसे कहते हैं? इसमें संवेदना या सूचना का संचरण कैसे होता है?
45.पौधों में ऑक्सिन हार्मोन प्रकाश की ओर प्ररोह के मुड़ने में किस प्रकार सहायता करता है?
46.मनुष्यों में थायराइड ग्रंथि के महत्व को समझाइए। इसके लिए आयोडीन क्यों आवश्यक है?
47.प्रकाशानुवर्तन और गुरुत्वानुवर्तन के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।
